बिहार सरकार
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

आदेश

का0 आ0–वि०प्रा० (III) संविदा नियुक्ति–23/2019–357 पटना/दिनांक – 3.2.2020

श्री साधु शरण केसरी, आशुटंकक, राजकीय पोलिटेकनिक, गुलजारबाग, पटना–7 दिनांक–31.12.2019 को सेवानिवृत हुए हैं। सेवानिवृति के पूर्व श्री केसरी द्वारा सेवानिवृति के उपरांत संविदा के आधार पर नियोजन हेतु समर्पित आवेदन पत्र (चिकित्सा प्रमाण पत्र सहित) को प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, गुलजारबाग, पटना–7 द्वारा अग्रसारित किया गया था।

संविदा के आधार पर नियोजन हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञा0–10000 दिनांक–10.07.2015 के कंडिका–3 (2) (क) (V) तथा 3 (2) (ख) (V) के तहत प्रावधानित अवधि के लिए अथवा उक्त पद पर नियमित नियुक्ति/प्रोन्नति होने तक के लिए श्री केसरी को आशुटंकक के पद पर नियोजित किया जाता है। श्री केसरी को राजकीय पोलिटेकनिक, गुलजारबाग, पटना–7 में पदस्थापित करते हुए विभाग में प्रतिनियुक्त किया जाता है।

उक्त नियोजन दो वर्ष के लिए किया जाता है। इनका अगला सेवा विस्तार इनके कार्यो के समीक्षा के उपरान्त किया जाएगा और कार्य संतोषजनक नहीं होने पर संविदा रद्द कर दी जाएगी।

श्री केसरी को देय मासिक मानदेय का निर्धारण संकल्प की कंडिका–3 (3) (6) (I) तथा (3) (3) (7) (III) के आलोक में किया जाएगा तथा अन्य सेवा शर्तो का निर्धारण उक्त संकल्प के प्रावधानों के आलोक में किया जाएगा।

संविदा नियोजन आदेश के आलोक में संबंधित अभ्यर्थी के द्वारा पद पर योगदान करने की तिथि से संविदा नियोजन प्रभावी होगा।

2. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

03.02.2020
निदेशक,
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– **वि०प्रा० (III) संविदा नियुक्ति–23/2019–357 पटना/दिनांक** – 3.2.2020

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/कोषागार पदाधिकारी, पटना सिटी, पटना/प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, गुलजारबाग, पटना–7/श्री साधु शरण केसरी, सेवानिवृत आशुटंकक, राजकीय पोलिटेकनिक, गुलजारबाग, पटना–7/ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03.02.2020
निदेशक,
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– **वि०प्रा० (IV) विविध–03/2018–** 357 **पटना/दिनांक** – 3.2.2020

प्रतिलिपिः– सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञा0 सं0–1089 दिनांक–21.01.2020 के आलोक में प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/आई0टी0 मैनेजर, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03.02.2020
निदेशक,
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

अभिषेक / 16.01.2020